राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल

चर्चा में क्यों?

20 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर स्थित होटल क्लार्क्स आमेर में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के राजस्थान चेप्टर की ओर से आयोजित 'राजस्थान आर्किटेक्चर फेस्टिवल'का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शहरों को आगामी 20-25 वर्षों की आवश्यकता के अनुरूप नियोजित करने के लिये वास्तुविदों और नगर नियोजकों का पैनल तैयार किया गया है।
- राजस्थान ऐसा राज्य है, जिसने सभी नगरों के मास्टर प्लान और राज्य के लिये आधुनिक बिल्डिंग बाय-लॉज तैयार किये हैं।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1972 में संसद से वास्तुविद् अधिनियम पारित कराकर और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने प्रसिद्ध वास्तुविद् और नगर नियोजक चार्ल्स कोरिया को महत्त्व देकर देश के नगरीय विकास की मज़बूत नींव रखी थी।
- जयपुर में कला एवं संस्कृति को आमजन तक पहुँचाने के लिये जवाहर कला केंद्र भवन का डिज़ाइन कार्य भी चार्ल्स कोरिया ने ही किया था।
- समारोह में स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास मंत्री शांती कुमार धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से ही जयपुर परकोटा यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल हुआ है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-architecture-festival